**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**09.03.2026/प्रादेशिक समाचार/920बजे**

मुख्य समाचार''

- संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से–लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर होनी है चर्चा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सबका साथ–सबका विकास जन अंकाक्षाओं की पूर्ति विषय पर बजट पश्चात वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से करेंगे संबोधित।
- ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आबादी वाली जमीन का कानूनी स्वामित्व प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई गई स्वामित्व योजना के तहत शिमला जिले के 2032 गांवों का ड्रोन सर्वेक्षण पूरा।
- प्रदेश के नवनियुक्त राज्यपाल कविंदर गुप्ता आज पहुंच सकते हैं शिमला–कल लोकभवन में लेंगे पद व गोपनीयता की शपथ।
- भारत तीसरी बार बना टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप विजेता–फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया, राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित अन्य नेताओं ने दी बधाई।

अब समाचार विस्तार से..........

**संसद सत्र**

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। ये चरण अगले महीने की दो तारीख तक चलेगा। लोकसभा में आज अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। कांग्रेस के तीन सांसद मोहम्मद जावेद, के.सुरेश और मल्लु रवि ये प्रस्ताव रखेंगे। यदि आज लोकसभा में इस प्रस्ताव पर चर्चा होती है तो अध्यक्ष ओम बिरला सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के साथ बैठेंगे। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को भी आज लोकसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर बयान देना है। इसके अलावा राज्यसभा में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा होगी।

**प्रधानमंत्री वेबिनार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सबका साथ–सबका विकास, जनअकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर बजट पश्चात वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस विषय के तहत शिक्षा और कौशल, स्वास्थ्य और आयुष, पर्यटन और आतिथ्य सहित विभिन्न सैक्टर पर देशभर में कई सत्र आयोजित होंगे। विचार विमर्श में शिक्षा से लेकर रोजगार के अवसर, एनिमेशन, विजुअल इफैक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स, पर्वोत्तर क्षेत्र में बौद्ध सर्किट व विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी। बजट पश्चात वेबिनार सरकार, उद्योग और क्षेत्र विशेषज्ञों को बजट में प्रस्तुत नीतिगत दृष्टिकोण को कार्यात्मक रणनीति में बदलने पर चर्चा का मंच उपलब्ध करवाएगा।

**उप मुख्यमंत्री**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में साफ–सुथरा प्रशासन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और माफिया को खत्म करने में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशा माफिया, खनन, भू व वन माफिया सहित फिरौती व सड़क सुरक्षा जैसे मुख्य बिंदुओं पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य किया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि नियमों को तोड़ने की किसी को भी इजाजत नहीं दी जाएगी और दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**स्वामित्व योजना**

केन्द्र सरकार की स्वामित्व योजना ग्रमीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक देने में एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना का उद्देश्य आबादी वाली जमीन का कानूनी स्वामित्व प्रदान करना व भूमि विवादों को कम करना है। प्रदेश के शिमला जिले में इस योजना के तहत दो हजार 32 गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**राज्यपाल**

प्रदेश के नव नियुक्त राज्यपाल कविन्दर गुप्ता का आज शाम शिमला पहुंचने का कार्यक्रम है। वे कल दस मार्च को लोकभवन में प्रदेश के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि राज्य के निवर्तमान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज लोकभवन शिमला से विदाई लेंगे। शिव प्रताप शुक्ल को तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। निवर्तमान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अपने कार्यकाल के दौरान नशा मुक्त हिमाचल अभियान को आगे बढ़ाने का बेहतर प्रयास किया है, जिसके माध्यम से समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ी है।

**टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप**

भारत ने तीसरी बार आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही उसने लगातार दो बार टी–ट्वेंटी विश्व कप जीतने का भी गौरव हासिल किया है। एक रिपोर्ट.....

**विश्व कप संदेश**

इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि भारत को तीन बार विश्व कप जीतने वाला एक मात्र देश बनने का गौरव प्राप्त हुआ है और भारतीय क्रिकेट टीम लगातार दो बार कप जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई है। उन्होंने जीत के लिए सभी खिलाड़ियों, प्रबंधन और सहायक स्टाफ को बधाई का पात्र बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उल्लेखनीय जीत असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम भावना का प्रतीक है।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई दी है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों से साफ मौसम के चलते दिन के तापमान में लगातार वृद्धि जारी है जिससे लोगों को अब गर्मी का

अहसास होना भी शुरू हो गया है। हालांकि मौसम विभाग ने 11 मार्च को प्रदेश में बारिश का पूर्वानुमान भी जारी किया है।

## अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर

आज अखबारों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है **तृतीय श्रेणी के पदों पर महिलाओं को मिलेगा 25 प्रतिशत आरक्षण, महिला सब इंस्पेक्टर की होगी विशेष भर्ती।** दैनिक जागरण व पंजाब केसरी का लगभग एक जैसा शीर्षक है **तृतीय श्रेणी भर्ती में महिलाओं को 25 प्रतिशत आरक्षण।**

दिव्य हिमाचल की एक खबर है **कांगड़ा, ऊना हाईवे फोरलेन करने को केंद्र से मिली सैद्धांतिक मंजूरी।**

मौसम पर दैनिक भास्कर ने लिखा है **पहाड़ों में गर्मी का मार्च, 10 शहरों का पारा 30 डिग्री के पार, कल से राहत संभव।**

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से–लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर होनी है चर्चा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सबका साथ–सबका विकास जन अंकाक्षाओं की पूर्ति विषय पर बजट पश्चात वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से करेंगे संबोधित।
- ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आबादी वाली जमीन का कानूनी स्वामित्व प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई गई स्वामित्व योजना के तहत शिमला जिले के 2032 गांवों का ड्रोन सर्वेक्षण पूरा।
- प्रदेश के नवनियुक्त राज्यपाल कविंदर गुप्ता आज पहुंच सकते हैं शिमला–कल लोकभवन में लेंगे पद व गोपनीयता की शपथ।
- भारत तीसरी बार बना टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप विजेता–फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया, राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित अन्य नेताओं ने दी बधाई।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11:00 बजे नमस्कार।